# 15. आओ सीखें

हिंदी भाषा पढ़ने वालों को दिनों, रंगों तथा गिनती या संख्या का ज्ञान होना अति आवश्यक है। प्रारंभ में इनको समझने में बच्चों को थोड़ी असुविधा होती है परंतु बारंबार अभ्यास से बच्चे इसमें कुशल हो जाते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को दिनों के नामों से अवगत करवाएँ।
- ❖ इनकी पहचान करवाते हुए लिखित अभ्यास भी करने के लिए कहें।
- ❖ बच्चों को रंगों की पहचान करवाते हुए उनके नीचे लिखे नामों का उच्चारण करवाएँ। उन्हें विभिन्न रंगों की चीज़ें दिखाकर रंगों की पहचान करवा सकते हैं। जैसे– हरे पत्ते, नीला आसमान, लाल सेब आदि।
- ❖ अभ्यास करने में बच्चों की सहायता करें।
- ❖ बच्चों को शब्दों और हिंदी अंकों में गिनती लिखना सिखाएँ।
- ❖ पहले हिंदी अंक लिखें फिर उसके सामने शब्दों में गिनती लिखें।
- ❖ पहले 1-10 तक के हिंदी अंकों की बनावट सिखाने पर ज़ोर दें। 1-10 तक के हिंदी अंक सीखने के बाद बच्चे स्वत: ही 10 से 50 तक के हिंदी अंक लिखने में सक्षम हो जाएँगे।
- ❖ हिंदी अंकों के साथ-साथ शब्दों में अंकों को लिखना सिखाएँ। अंकों का लेखन के साथ-साथ उच्चारण भी सटीक करवाते जाएँ।
- ❖ अंकों के शब्द रूप में मात्राओं के उच्चारण तथा लेखन पर विशेष ध्यान दें।
- ❖ अभ्यास करवाने में बच्चों की यथोचित सहायता करें।